नवभारत टाइम्स

Copyright © 2014 Bennett Coleman & Co. Ltd. All rights reserved.

Fri, 13 Jan-17; Nav Bharat Times - Mumbai; Size : 62 sq.cm.; Page : 9

रिलायंस एमएफ का सीपीएसई ईटीएफ 17 से 20 जनवरी तक

■ **बिजनेस डेस्क:** रिलायंस म्युचुअल फंड ने सेंट्रल पब्लिक सेक्टर इंटरप्राइजेज एक्सचेंज ट्रेडेड फंड 17 जनवरी को लॉंच करने की घोषणा की है। 20 जनवरी तक यह प्रक्रिया चालू रहेगी। प्रस्ताव में करीब 6,000 करोड़ रुपए जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। चालू वित्त वर्ष के लिए सरकार 56,500 करोड़ रुपए का विनिवेश लक्ष्य है, जिनमें से अब तक कुल 24,000 करोड़ रुपए जुटाए गए हैं। मार्च 2014 में शुरू की गई सीपीएसई ईटीएफ सरकार के विनिवेश कार्यक्रम का एक अभिन्न हिस्सा है। प्रारंभिक चरण में सरकार इस विनिवेश योजना द्वारा 3,000 करोड़ रुपए जुटाए थे। ये ओएनजीसी, कोल इंडिया, आईओसी, गेल, इंडिया ऑयल, पीएफसी, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, आरईसी, इंजीनियर्स इंडिया और भारत के कंटेनर कॉरपोरेशन हैं। कुल 4,500 करोड़ रुपए में से 1,500 करोड़ रुपए का ग्रीन शू विकल्प के तौर पर है। सभी वर्ग के निवेशकों को 5% छूट देने की पेशकश की है। संयुक्त सचिव, डीआईपीएएम, वित्त मंत्रालय के मनीष सिंह ने कहा 'इस निर्गम को पेश करने के समय सीपीएसई-ईटीएफ जैसी विविधताओं वाली प्रस्तुति में निवेशकों को लाभ मिलेगा।'